**भारत सरकार**
**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1522**
दिनांक 10 फरवरी, 2023 को उत्तर के लिए

**बच्चों का समग्र विकास**

**1522. श्री जी.एम. सिद्धेश्वर:**

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में बच्चों के समग्र विकास हेतु मंत्रालय और इसके घटक निकायों द्वारा की गई विभिन्न पहलों का ब्यौरा क्या है;
(ख) देश में लाभार्थियों की संख्या, आबंटित निधि और विकसित सुविधाओं के संदर्भ में इन पहलों की प्रगति की राज्य-वार स्थिति क्या है; और
(ग) क्या मंत्रालय ने देश में बच्चों के समग्र विकास को आगे बढ़ाने के लिए आगामी वर्षों के लिए कोई विस्तृत योजना तैयार की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी** **महिला एवं बाल विकास मंत्री**

(क) से (ग) : सरकार ने आंगनवाड़ी सेवाओं, पोषण 2.0 और किशोरियों के लिए स्कीम की मौजूदा स्कीमों को नया रूप देते हुए मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 को मंजूरी दी है। मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के महत्वपूर्ण घटक इस प्रकार हैं:

- पोषण के लिए 06 महीने से 6 वर्ष की आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं (पीडब्ल्यूएलएम) और आकांक्षी जिलों और पूर्वोतर क्षेत्र (एनईआर) में 14 से 18 वर्ष की आयु वर्ग की किशोरियों के लिए पूरक पोषण कार्यक्रम (एसएनपी) के माध्यम से पोषण सहायता;
- शुरूआती बचपन की देखभाल और शिक्षा [3-6 वर्ष] और प्रारंभिक स्टिमुलेशन (0-3 वर्ष);
- आधुनिक, उन्नत सक्षम आंगनवाड़ी सहित आंगनवाड़ी अवसंरचना; और
- पोषण अभियान

सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के लिए बजट 2021-2022 में सक्षम आंगनवाड़ी और मिशन पोषण 2.0 की घोषणा की गई है, जिसका उद्देश्य पोषण सामग्री और वितरण में एक कार्यनीतिक बदलाव के माध्यम से बाल कुपोषण और मातृ कुपोषण की समस्या को दूर करने के लिए स्वास्थ्य, कल्याण और प्रतिरक्षा का पोषण करने वाली प्रथाओं को विकसित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की ओर ध्यान दिलाना और स्थितियां बनाना और एक अभिसरण इको सिस्टम बनाना है। प्रारंभिक राष्ट्रीय परिवार

स्वास्थ्य सर्वेक्षण एनएफएचएस-5 के निष्कर्षों से पता चला है कि यह स्कीम बच्चों, किशोरियों और महिलाओं में कुपोषण के चुनौतीपूर्ण स्तर की स्थिति को दूर करने का प्रयास करती है और पूरक पोषण कार्यक्रम के तहत भोजन की गुणवत्ता और वितरण का अनुकूलन करती है। यह पोषण सामग्री, वितरण, आउटरीच और परिणामों को मजबूत करने का प्रयास करता है, जिसमें ऐसी विकासशील प्रथाओं पर ध्यान केंद्रित किया जाता है जो स्वास्थ्य, कल्याण और रोग तथा कुपोषण से प्रतिरक्षा का पोषण करते हैं। प्रशासन में सुधार के लिए पोषण ट्रैकर के तहत मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में पोषण की गुणवत्ता और परीक्षण में सुधार, वितरण को मजबूत करने और प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के लिए कदम उठाए गए हैं। पूरक पोषाहार के वितरण में पारदर्शिता और जवाबदेही के लिए और पोषाहार परिणामों को ट्रैक करने के लिए 13.01.2021 को दिशा-निर्देश जारी किए गए थे।

सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के तहत आंगनवाड़ी सेवाएं, आंगनवाड़ी केंद्रों(एडब्ल्यूसी) में नामांकन करने वाले सभी लाभार्थियों के लिए एक सार्वभौमिक स्व-चयन स्कीम है। इस स्कीम के तहत 0-6 वर्ष की आयु के बच्चे, गर्भवती महिलाएं और स्तनपान कराने वाली माताएं लाभार्थी हैं।स्कीम के तहत पात्र लाभार्थियों को आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से निम्नलिखित छह सेवाएं प्रदान की जाती हैं :

i. पूरक पोषण (एसएनपी)
ii. पूर्व -स्कूल अनौपचारिक शिक्षा,
iii. पोषण और स्वास्थ्य शिक्षा,
iv. टीकाकरण,
v. स्वास्थ्य जांच, और
vi. रेफरल सेवाएं

छह सेवाओं में से तीन अर्थात् टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच और रेफरल सेवाएं स्वास्थ्य से संबंधित हैं और एनएचएम और सार्वजनिक स्वास्थ्य अवसंरचना के माध्यम से दी जाती हैं।

आंगनवाड़ी सेवाओं के तहत चालू वित्त वर्ष 2022-23 के लिए जारी की गई धनराशि का विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

इसके अलावा, सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के तहत शिक्षा विकास कार्यक्रमों के साथ अभिसरण में 6 साल से कम उम्र के बच्चों के रचनात्मक, सामाजिक, भावनात्मक, संज्ञानात्मक और बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए पोषण वाटिका सहित बेहतर पोषण वितरण के लिए प्रति वर्ष 2 लाख चयनित आंगनवाड़ी केंद्र(40,000 आंगनवाड़ी केंद्र) को मजबूत और अपग्रेड किया जाएगा। ।

पोषण अभियान 8 मार्च 2018 को शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य सहक्रियाशील और परिणामोन्मुख दृष्टिकोण अपनाकर किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं की पोषण स्थिति में समयबद्ध तरीके से सुधार लाना है।

**06.02.2023 तक पोषण ट्रैकर पर पंजीकृत श्रेणी-वार लाभार्थी**

| **कुल लाभार्थी** | **स्तनपान कराने वाली माताएं** | **गर्भवती माताएं** | **बच्चे 0-6 माह** | **बच्चे 6 माह-3 वर्ष** | **बच्चे 3-6 वर्ष** |
|---|---|---|---|---|---|
| 100539368 | 5317719 | 6796031 | 4766272 | 40687106 | 42972240 |

पोषण ट्रैकर के तहत पंजीकृत लाभार्थियों की संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार विवरण (06.02.2023 तक) **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

31.03.2022 तक पोषण अभियान के तहत राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को आवंटित धनराशि का विवरण **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय केंद्रीय रूप से प्रायोजित स्कीम 'मिशन वात्सल्य'(पूर्व में बाल संरक्षण सेवा(सीपीएस) स्कीम) को राज्य और केंद्र शासित प्रदेश सरकारों के माध्यम से पूर्व-निर्धारित लागत साझाकरण पैटर्न पर लागू कर रहा है ताकि पूरे देश में कठिन परिस्थितियों में रह रहे बच्चों को सार्वभौमिक रूप से सेवाएं प्रदान की जा सकें। स्कीम के तहत स्थापित चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूशंस (सीसीआई) अन्य बातों के साथ-साथ आयु-उपयुक्त शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण तक पहुंच, मनोरंजन, स्वास्थ्य देखभाल, परामर्श आदि का समर्थन करते हैं और ग्रामीण और शहरी दोनों बच्चों को शामिल करते हैं। इसके अलावा, मंत्रालय नियमित रूप से सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के साथ काम करता है और समय-समय पर सेवाओं की निरंतर और निर्बाध डिलीवरी और स्कीम के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए विभिन्न एडवाइजरी और दिशानिर्देश साझा करता है। दिनांक 31.03.2022 की स्थिति के अनुसार इस स्कीम के अंतर्गत लाभान्वित बच्चों की संख्या 76,118 है। मिशन वात्सल्य स्कीम को वर्ष 2025-26 तक की मंजूरी है। पिछले तीन वर्षों के दौरान मिशन वात्सल्य स्कीम के तहत राज्यवार जारी की गई धनराशि **अनुलग्नक-III** में दी गई है।

******

अनुलग्नक-I

**'बच्चों का समग्र विकास' के संबंध में श्री जी.एम. सिद्धेश्वर द्वारा दिनांक 10 फरवरी, 2023 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1522 के उत्तर के भाग(क) से (ग) में संदर्भित अनुलग्नक**

**<u>पोषण ट्रैकर के तहत पंजीकृत एसएनपी लाभार्थी</u>**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | कुल लाभार्थी | स्तनपान कराने वाली माताएं | गर्भवती महिलाएं | बच्चे 0-6माह | बच्चे 6माह-3वर्ष | बच्चे 3-6वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | 2800615 | 141149 | 191270 | 115707 | 1235767 | 1116722 |
| 2. | अरुणाचल प्रदेश | 56159 | 1288 | 1196 | 1552 | 23230 | 28893 |
| 3. | असम | 3526656 | 157702 | 158502 | 180536 | 1304945 | 1724971 |
| 4. | बिहार | 10202702 | 374525 | 607498 | 322539 | 3805971 | 5092169 |
| 5. | छत्तीसगढ़ | 2407965 | 67221 | 108062 | 60622 | 1011153 | 1160907 |
| 6. | गोवा | 78130 | 5288 | 4712 | 5350 | 35005 | 27775 |
| 7. | गुजरात | 3985373 | 277595 | 260837 | 279867 | 1533777 | 1633297 |
| 8. | हरियाणा | 2021235 | 142321 | 120203 | 100653 | 723013 | 935045 |
| 9. | हिमाचल प्रदेश | 535329 | 38440 | 38543 | 36752 | 220188 | 201406 |
| 10. | झारखंड | 3644278 | 167789 | 223285 | 155494 | 1482132 | 1615578 |
| 11. | कर्नाटक | 4214837 | 170787 | 285267 | 151304 | 1847408 | 1760071 |
| 12. | केरल | 2430557 | 148539 | 158433 | 142628 | 870584 | 1110373 |
| 13. | मध्य प्रदेश | 7177687 | 193781 | 409097 | 179411 | 2908644 | 3486754 |
| 14. | महाराष्ट्र | 7548976 | 442077 | 424279 | 412977 | 2729873 | 3539770 |
| 15. | मणिपुर | 299721 | 11307 | 11141 | 12186 | 110622 | 154465 |
| 16. | मेघालय | 443163 | 18090 | 11496 | 21759 | 159585 | 232233 |
| 17. | मिजोरम | 121471 | 4859 | 6478 | 5190 | 46777 | 58167 |
| 18. | नागालैंड | 63400 | 375 | 321 | 437 | 19589 | 42678 |
| 19. | ओडिशा | 4110928 | 197769 | 263172 | 197281 | 1582269 | 1870437 |
| 20. | पंजाब | 1057467 | 39473 | 46909 | 30992 | 533503 | 406590 |
| 21. | राजस्थान | 4810444 | 353972 | 358216 | 252391 | 2120411 | 1725454 |
| 22. | सिक्किम | 35803 | 2059 | 1653 | 1985 | 13155 | 16951 |
| 23. | तमिलनाडु | 3986744 | 309613 | 325628 | 307703 | 1776256 | 1267544 |
| 24. | तेलंगाना | 2197358 | 131602 | 171524 | 127448 | 946495 | 820289 |
| 25. | त्रिपुरा | 355466 | 16311 | 20681 | 16098 | 131828 | 170548 |
| 26. | उत्तर प्रदेश | 21075550 | 1339956 | 1848508 | 1092196 | 9052455 | 7742435 |
| 27. | उत्तराखंड | 794036 | 43240 | 49711 | 33339 | 377624 | 290122 |
| 28. | पश्चिम बंगाल | 8843562 | 395101 | 578038 | 414517 | 3336713 | 4119193 |
| 29. | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 15863 | 831 | 842 | 824 | 8393 | 4973 |
| 30. | दादरा और नगर हवेली - दमन और दीव | 34628 | 3358 | 4451 | 3362 | 13783 | 9674 |
| 31. | दिल्ली | 730114 | 61420 | 48331 | 61846 | 345827 | 212690 |
| 32. | जम्मू और कश्मीर | 813632 | 51781 | 50346 | 33828 | 327937 | 349740 |
| 33. | लद्दाख | 19493 | 885 | 785 | 745 | 8048 | 9030 |
| 34. | लक्षद्वीप | 6526 | 408 | 517 | 456 | 3432 | 1713 |
| 35. | पुदुचेरी | 41056 | 2996 | 2877 | 2433 | 22040 | 10710 |
| 36. | यूटी-चंडीगढ़ | 52444 | 3811 | 3222 | 3864 | 18674 | 22873 |
| | **कुल** | **100539368** | **5317719** | **6796031** | **4766272** | **40687106** | **42972240** |

**अनुलग्नक-II**

## पोषण अभियान के तहत जारी की गई धनराशि का राज्यवार विवरण (31.03.2022 तक)

**राशि रुपये लाख में**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2017-18 में जारी केंद्रीय निधि | 2018-19 में जारी केंद्रीय निधि | 2019-20 में जारी केंद्रीय निधि | 2020-21 में जारी केंद्रीय निधि | 2021-22 में जारी केंद्रीय निधि | 31.03.2022 तक जारी कुल केंद्रीय निधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप | 100.22 | 316.67 | 307.62 | 100 | 518.98 | 1343.49 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 2572.41 | 8604.68 | 13296.52 | 889.71 | 0 | 25363.32 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 52.93 | 1656.73 | 1006.62 | 99.6 | 0 | 2815.88 |
| 4 | असम | 2298.27 | 15492.36 | 14171 | 987.04 | 0 | 32948.67 |
| 5 | बिहार | 6724.06 | 15341.05 | 25465 | 1835.48 | 0 | 49365.59 |
| 6 | चंडीगढ़ | 158.88 | 148.3 | 353 | 107.2 | 122.66 | 890.04 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 965.45 | 9629.51 | 0 | 839.58 | 0 | 11434.54 |
| 8 | दादर और नगर हवेली और दमन व दीव | 108.83 | 209.14 | 878.14 | 0 | 0 | 1196.11 |
| 9 | दिल्ली | 945.95 | 2206.88 | 0 | 174.35 | 0 | 3327.18 |
| 10 | गोवा | 238.07 | 197.78 | 0 | 20.19 | 0 | 456.04 |
| 11 | गुजरात | 3036.66 | 11228.03 | 14863 | 0 | 0 | 29127.69 |
| 12 | हरियाणा | 400.97 | 5992.46 | 0 | 415.39 | 0 | 6808.82 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 5710.41 | 5185 | 0 | 0 | 0 | 10895.41 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 215.76 | 7278.06 | 1238.29 | 492.24 | 0 | 9224.35 |
| 15 | झारखंड | 1555.35 | 5110.45 | 0 | 0 | 0 | 6665.8 |
| 16 | कर्नाटक | 0 | 5254.55 | 7967.39 | 1054.58 | 0 | 14276.52 |
| 17 | केरल | 1273.37 | 6491.91 | 0 | 2679.61 | 0 | 10444.89 |
| 18 | लद्दाख | 0 | 0 | 0 | 118.768 | 0 | 118.768 |
| 19 | लक्षद्वीप | 60 | 138.9 | 126.75 | 100 | 0 | 425.65 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 4067.2 | 33777.17 | 0 | 1554.16 | 0 | 39398.53 |
| 21 | महाराष्ट्र | 4991.8 | 20989.8 | 33061.47 | 1767.776 | 0 | 60810.846 |
| 22 | मणिपुर | 340.46 | 3865.37 | 0 | 184.16 | 0 | 4389.99 |
| 23 | मेघालय | 462.98 | 1713.27 | 2802.8 | 94.336 | 0 | 5073.386 |
| 24 | मिजोरम | 119.38 | 957.65 | 1498 | 0 | 753.48 | 3328.51 |
| 25 | नागालैंड | 163.74 | 1251.97 | 2298.17 | 1550.11 | 360.12 | 5624.11 |
| 26 | ओडिशा | 4600.46 | 10571.65 | 0 | 0 | 12842.35 | 28014.46 |
| 27 | पुदुचेरी | 39.24 | 393.7 | 497 | 13.68 | 0 | 943.62 |
| 28 | पंजाब | 819.51 | 6090.33 | 0 | 0 | 0 | 6909.84 |
| 29 | राजस्थान | 4282.22 | 9680.99 | 8941 | 0 | 0 | 22904.21 |
| 30 | सिक्किम | 98.59 | 328.47 | 923 | 20.928 | 0 | 1370.988 |
| 31 | तमिलनाडु | 1340.51 | 12210.93 | 11509 | 0 | 0 | 25060.44 |
| 32 | तेलंगाना | 1736.94 | 8595.7 | 7003 | 571.2 | 0 | 17906.84 |
| 33 | त्रिपुरा | 277.91 | 3695.72 | 0 | 162.32 | 0 | 4135.95 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 8440.6 | 29582.87 | 16166 | 2779.49 | 0 | 56968.96 |
| 35 | उत्तराखंड | 1866.25 | 4301.57 | 7086 | 321.07 | 0 | 13574.89 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 5545.27 | 19294.11 | 0 | 1911.7 | 0 | 26751.08 |
| **कुल** | | **65610.65** | **267783.73** | **171458.77** | **20844.66** | **14597.59** | **540295.40** |

**अनुलग्नक-III**

## पिछले तीन वर्षों के दौरान मिशन वात्सल्य योजना (पूर्व बाल संरक्षण सेवा स्कीम) के तहत जारी राशि का राज्यवार विवरण

**(लाख रुपये में)**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | 2019-20 के दौरान जारी की गई राशि | 2020-21 के दौरान जारी की गई राशि | 2021-22 के दौरान जारी की गई राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 1373.53 | 1827.84 | 476.46 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 1174.11 | 293.55 | 487.92 |
| 3 | असम | 3363.95 | 3159.17 | 864.69 |
| 4 | बिहार | 1405.39 | 2203.71 | 2203.21 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 2098.74 | 2281.81 | 1870.35 |
| 6 | गोवा | 19.63 | 129.9 | 3.43 |
| 7 | गुजरात | 2146.27 | 2590.93 | 697.24 |
| 8 | हरियाणा | 2217.99 | 2391.14 | 931.24 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 1607.40 | 1457.39 | 1453.90 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 1225.16 | 1490.55 | 1929.69 |
| 11 | झारखंड | 1845.80 | 1425.26 | 1248.02 |
| 12 | कर्नाटक | 3290.45 | 2897.87 | 4252.11 |
| 13 | केरल | 1519.74 | 1135.84 | 607.45 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 3052.72 | 3531.26 | 3057.44 |
| 15 | महाराष्ट्र | 2449.63 | 3433.13 | 5467.46 |
| 16 | मणिपुर | 3102.72 | 3468.9 | 3606.76 |
| 17 | मेघालय | 2241.71 | 2014.36 | 1005.91 |
| 18 | मिजोरम | 2530.43 | 2243.71 | 1957.58 |
| 19 | नागालैंड | 2085.95 | 2125.64 | 1842.69 |
| 20 | ओडिशा | 3541.66 | 3302.54 | 4019.15 |
| 21 | पंजाब | 722.00 | 558.41 | 172.57 |
| 22 | राजस्थान | 3195.88 | 3221.96 | 1542.75 |
| 23 | सिक्किम | 662.51 | 612.81 | 807.59 |
| 24 | तमिलनाडु | 14915.36 | 9636.91 | 7669.71 |
| 25 | तेलंगाना | 1726.38 | 431.61 | 3850.65 |
| 26 | त्रिपुरा | 879.61 | 1075.65 | 977.46 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 4277.72 | 5235.63 | 4553.91 |
| 28 | उतराखंड | 918.58 | 712.37 | 507.90 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 2815.10 | 4375.63 | 3970.45 |
| 30 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 329.62 | 282.97 | 7.50 |
| 31 | चंडीगढ़ | 0 | 169.21 | 162.83 |
| 32 | दादरा और नगर हवेली | 193.97 | 55.96 | 142.98 |
| | दमन और दीव | 141.79 | | |
| 33 | दिल्ली | 972.86 | 656.76 | 794.51 |
| 34 | लक्षद्वीप | 0 | 0 | 5.05 |
| 35 | लद्दाख | 0 | 153.18 | 126.17 |
| 36 | पुदुचेरी | 501.96 | 393.97 | 271.50 |
| | **कुल** | **74546.32** | **70977.53** | **63546.23** |

*****